हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

04 किसानों के साथ सुबह कतार में लगीं महिलाएं...



07 प्रदेश सरकार राजगढ़ जिले के किसानों के साथ अन्याय...






## खबर संक्षेप

### आज किया जाएगा मद्य निषेध सप्ताह का समापन

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान अनेक तरह की गतिविधियां की गई। वहीं बुधवार को निषेध सप्ताह का दोपहर साढ़े तीन बजे समापन किया जाएगा। इस मौके पर केन्द्र के संचालक के अलावा अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। मंगलवार को संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहाकि बुजुर्गों की देखरेख करना, कई बार एक चुनौतीपूर्ण काम हो जाता है। समय के साथ हमारी उम्र बढ़ती है, लेकिन हर कोई इस स्थिति का सामना शांति और धैर्य के साथ नहीं करता। उम्र बढ़ने के साथ बुजुर्गों को ज्यादा देखभाल की आवश्यकता होती है। इस उम्र में वे छोटे बच्चों की तरह संवेदनशील हो जाते हैं। बात-बात पर रूठना, गुस्सा और जिद करना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हो जाता है।

### एनआईएमएचआर में निःशुल्क सीआरई कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में एनआईईपीआईडी, एनआईएमएचआर एवं जय वकील फाउंडेशन द्वारा एनआईईपीआईडी दिशा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के तहत निशुल्क सीआरई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक श्री महेश यादव एवं एनआईएमएचआर के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में कुल 60 पुनर्वास पेशेवरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### दिव्यांग कार्मिकों का वाहन भत्ता बढ़ाया

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी के सभी श्रेणी के दिव्यांग कार्मिकों के लिए वाहन भत्ता बढ़ा दिया गया है। कंपनी ने बताया है कि पहले सभी श्रेणी के दिव्यांग कार्मिकों के लिए 350 रुपए (राज भोगी शहर एवं कंपनी क्षेत्र अंतर्गत अन्य शहरों के लिये) प्रतिमाह की दर से वाहन/परिवहन भत्ता स्वीकृत किया गया था। कंपनी के संचालक मंडल की 127वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भोपाल एवं ग्वालियर मुख्यालय पर पदस्थ तथा इन नगर निगमों की सीमा में निवासरत सभी श्रेणी के निःशक्त कंपनी कार्मिकों हेतु वाहन/परिवहन भत्ते की दर को पुनरीक्षित करते हुए 350 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 671 रुपए प्रतिमाह की दर से परिवहन भत्ता स्वीकृत किया गया है। यह व्यवस्था 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील रहेगी।

### विरोध की अफवाहों के बीच आया विद्युत मंडल का बड़ा बयान, कहा-स्मार्ट मीटर लगाने की बढ़ाई गई है अवधि

# अफवाह निकला आदेश ! जारी रहेगा स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान, मार्च 2028 तक बढ़ी समयसीमा

विभाग ने साफ किया है कि मीटर लगाने का कार्य न केवल जारी है बल्कि पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हरिभूमि अपडेट

हाल के दिनों में जिले और प्रदेश भर में यह खबरें तेजी से वायरल हो रही थीं कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य उपभोक्ताओं के विरोध के चलते रोक दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जगह-जगह यही चर्चा थी कि लोगों के दबाव के आगे विद्युत विभाग को झुकना पड़ा। लेकिन अब इस पूरे मामले पर मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। विभाग ने साफ किया है कि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य न केवल जारी है बल्कि पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।



#### स्मार्ट मीटर न मिलने पर अस्थायी व्यवस्था

मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (**MPERC**) ने यह स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्षेत्र में फिलहाल स्मार्ट मीटर उपलब्ध नहीं हैं, तो अस्थायी रूप से सामान्य मीटर लगाए जा सकते हैं। हालांकि, बाद में उन्हें स्मार्ट मीटर से प्रतिस्थापित किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार अब देशभर में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जाने हैं। चाहे नया कनेक्शन हो या पुराने मीटर का प्रतिस्थापन। इस व्यवस्था से विद्युत चोरी पर भी रोक लगेगी और वितरण प्रणाली अधिक सशक्त बनेगी।

**सरकार ने बढ़ाई समयसीमा, नहीं रुका अभियान :** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 16 जुलाई 2025 को जारी अधिसूचना के माध्यम से स्मार्ट मीटर लगाने की अंतिम समयसीमा को 31 मार्च 2028 तक बढ़ा दिया है। यह निर्णय उपभोक्ता विरोध के कारण नहीं बल्कि देशभर में चल रही इस योजना के कार्यान्वयन को सुसंगत और चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार डिस्कॉम्स को प्रति मीटर 900 रुपये का अनुदान दे रही है ताकि तकनीकी और वित्तीय अड़चनों के बावजूद यह परियोजना सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

#### उपभोक्ता के भरोसे और सुविधा की दिशा में बड़ा कदम

स्मार्ट मीटर परियोजना केवल एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि उपभोक्ता और विभाग के बीच भरोसे की नई कड़ी है। इससे बिजली चोरी पर अंकुश लगेगा, बिलिंग विवादों में कमी आएगी और उपभोक्ता को अपने उपभोग पर नियंत्रण मिलेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और इस आधुनिक व्यवस्था का स्वागत करें, क्योंकि यह ऊर्जा प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और भविष्य उन्मुख बना रही है।

#### बताया पारदर्शी बिलिंग और उपभोक्ता के हित में उठाया गया कदम

विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए अधिक पारदर्शिता लाना है। पारंपरिक मीटरों में जहां रीडिंग की त्रुटियां, गलत बिलिंग और शिकायतें आम थीं, वहीं स्मार्ट मीटर तकनीक इन सभी समस्याओं का समाधान है।

इससे उपभोक्ता अपने मोबाइल या पोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय में अपनी खपत की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे ऊर्जा की बचत और बिलिंग में सटीकता दोनों सुनिश्चित होती है।

#### अफवाहों से सावधान रहें, कार्य पूरी रफ्तार पर

डिस्कॉम के अधिकारियों ने यह भी कहा है कि कतिपय समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार पूरी तरह तथ्यहीन हैं। इनसे उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। कंपनी की ओर से स्पष्ट किया गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरी रफ्तार से जारी है और इसमें किसी भी प्रकार की रोक नहीं लगी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की अधीक्षक यंत्री पूनम तुलाराम ने बताया कि जिले में मीटर स्थापना कार्य निरंतर प्रगति पर है और सभी उपभोक्ताओं को जल्द स्मार्ट मीटर की सुविधा उपलब्ध होगी।

## जो मन को संभालेगा, वह जीने की कला भी सीख सकता है: मुनिश्री

**सीहोर।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में धर्मसभा में मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने कहा कि मंगलाचरण सुख प्राप्ति का साधन है। तीन लोक में सार कोई है, तो वह जानता है। वही विज्ञानता है। अनादिकाल से जितनी भी आत्माओं ने अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किया है, उन्होंने शिव स्वरूप को जाना है। इसलिए इस भव में मन, वचन और कार्य को संभालना जरूरी है।मुनिश्री ने कहा कि कर्म का बंध हर समय हर जीव को होता है। यह दूसरों के कारण नहीं, अपने मन, वचन और कार्य से होता है। इसलिए इन तीनों को संभालने के लिए थोड़ा ज्ञान जरूरी है। सबसे ज्यादा कर्म मन के द्वारा होता है। मन की चंचलता को रोकने के लिए तीर्थंकरों की वाणी का अध्ययन करना होगा। इसके लिए समय निकालना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति मन को संभाल सकता है, वही जीने की



कला सीख सकता है। जल से कीचड़ बनता है और जल से ही कीचड़ धोया जाता है। उसी तरह मन से उत्पन्न कर्मों से ही पुण्य और पाप होते हैं। इन्हीं से कर्मों की निर्जरा संभव है। मन को अशुभ उपयोग से बचाकर शुभ उपयोग में रखने की कला स्वाध्याय से ही आती है। मुनिश्री ने कहा कि दिन और पर्याय निकल जाते हैं, लेकिन लक्ष्यहीन जीवन में यह नहीं समझ आता कि क्या करना है और क्या नहीं। छहढाला में चार गतियों के दुखों का वर्णन कर अंत में बताया गया है कि सम्यक दर्शन ही सुख का कारण है।

### आरएसएस का 12 को पथ संचलन निकलेगा

**सीहोर।** आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होने के मौके पर अब 12 अक्टूबर को पथ संचलन निकलेगा। शहर सहित आस-पास के स्थानों पर पिछले कई दिनों से गांव-गांव में पथ संचलन किया जा रहा है। ग्राम मोगराराम में भी पथ संचलन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता और संघ के पुराने स्वयं सेवक डॉ. अजय पटेल सहित बड़ी संख्या में शामिल थे। डॉ. पटेल ने बताया कि संघ की 100 वर्ष की यात्रा हिंदू समाज के संगठन, सेवा और राष्ट्र निर्माण की मिसाल है। आज के दौर में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण की आवश्यकता है। पथ संचलन न केवल संगठन की शक्ति प्रदर्शन का माध्यम है, बल्कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा और सामाजिक एकता का संदेश देने का अवसर भी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आगामी 12 अक्टूबर को पथ संचलन के भव्य कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव

**सीहोर।** स्वर्णकार समाज के आदिपुरुष महाराजा अजमीढ़ जी के जन्मोत्सव पर शरद पुर्णिमा पर नेहरू कॉलोनी ब्रजमोहन सोनी के निवास पर पुजन आरती व प्रसाद वितरण के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारी संख्या में समाज जन व महिलाऐं उपस्थित रही। इस अवसर पर मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जिलाध्यक्ष ब्रजमोहन सोनी, शहर अध्यक्ष विजय सोनी, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सोनी, राजेन्द्र सोनी, संतोष सोनी,




हेमन्त सोनी, भगवान सोनी, अजय सोनी, अनिल सोनी, सरोज सोनी, सोना सोनी, ज्योति सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के विकास पर चर्चा भी की गई।

## झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन ने छीन ली मासूम दीक्षा की मुस्कान, पांच दिन कोमा में रहने के बाद बुझ गई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के पीपलिया मीरा गांव की दो साल की मासूम दीक्षा की मौत झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से हो गई। बच्ची पांच दिन तक कोमा में जिंदगी और मौत से जूझती रही। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पीपलिया मीरा में उस वक्त कोहराम मच गया जब दो साल की मासूम दीक्षा पिता कन्हैयालाल की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर बरखेड़ी स्थित मुस्कान क्लीनिक में इलाज कराने गए थे, जहां डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा ने खांसी-बुखार के लिए इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही बच्ची की हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर में वह कोमा में चली गई।

#### हंसमुख और चंचल थी हमारी दीक्षा

दीक्षा के चाचा गजराज कुशवाहा ने बताया कि दीक्षा हमारे परिवार की जान थी। वह हमेशा मुस्कुराती रहती थी। उसकी चहक पूरे घर में गूंजती थी। हमें विश्वास नहीं होता कि अब वह हमारे बीच नहीं है। दीक्षा के जाने से गांव में मातम पसर गया है। हर आंख नम है, हर दिल दुखी है।

**झोलाछाप डॉक्टर पर गंभीर आरोप :** परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा के पास न तो सही डिग्री है और न ही इलाज की अनुमति। क्लीनिक पूरी तरह फर्जी तरीके से चलाया जा रहा है। गजराज कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने पहले ही 4 अक्टूबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन तब तक दीक्षा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर की लापरवाही ने उनकी बच्ची की जान ले ली।


दीक्षा (2)

#### इलाज के नाम पर मौत, भोपाल तक चला संघर्ष

परिवार ने तुरंत दीक्षा को जिला चिकित्सालय सीहोर में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल के मनन चाइल्ड केयर हॉस्पिटल ले जाया गया। पांच दिन तक मासूम जिंदगी और मौत के बीच झूलती रही। डॉक्टरों ने हर कोशिश की, पर 7 अक्टूबर की सुबह दीक्षा ने दम तोड़ दिया। दीक्षा की नन्ही मुस्कान के साथ पूरा परिवार भी टूट गया।

#### पुलिस जांच में जुटी, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

मंगलवार को पुलिस के क्लीनिक पहुंचने की भनक लगते ही डॉक्टर क्लीनिक बंद कर परिवार सहित फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ग्राम बरखेड़ी स्थित मुस्कान क्लीनिक पहुंची और ताला खुलवाकर सीसीटीवी फुटेज जब्त करने के साथ वहां से दस्तावेज एवं जानकारी एकत्रित की। थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम कार्रवाई तय की जाएगी।

#### न्याय की गुहार, सजा की मांग

गजराज कुशवाहा ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में कहा है कि दोषी डॉक्टर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि आगे कोई और मासूम इस तरह की लापरवाही का शिकार न बने। उन्होंने कहा हमारी दीक्षा तो अब लौटकर नहीं आएगी, पर अगर दोषी को सजा मिलेगी, तो हमारी बिटिया को न्याय मिलेगा।

इस संबंध में सीएमएचओ सुधीर डेहरिया का कहना है कि मामले में जांच कराई जाकर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

## युवक ने भीड़भाड़ वाले इलाके में की हवाई फायरिंग



**सीहोर।** बुधनी क्षेत्र के ग्राम दिग्वाड में एक युवक ने भीड़भाड़ वाले इलाके में खुलेआम हवाई फायरिंग की। युवक का नाम राहुल है, जिसने यह वीडियो खुद के सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। यह घटना गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान की बताई जा रही है, जिसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है। पुलिस वीडियो की जांच कर आरोपी की तलाश कर रही है। बता दें कि, इससे पहले भोपाल के कोलार इलाके में हवाई फायर में एक 10 साल की बच्ची की मौत हो चुकी है।

**फायरिंग कर लोगों की जान जोखिम में डाली :** जानकारी के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन और हवाई फायरिंग करना कानूनन अपराध है, खासकर जब यह भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में किया जाए।

बावजूद इसके बुधनी थाना क्षेत्र के ग्राम दिग्वाड में युवक ने सरेआम फायरिंग की। उसने न सिर्फ लोगों की जान जोखिम में डाली, बल्कि इसका वीडियो बनाकर खुद ही सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद भी अब तक पुलिस द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इस पूरे मामले को लेकर एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि घटना जानकारी एकत्र की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक

# देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान को लेकर लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान एवं संगठन के पुनर्निर्माण, बीएलए के गठन एवं स्मार्ट मीटर की अनिमित्ता, किसानों की समस्या, सीहोर जिले के किसानों को मुआवजा नही मिलने के संबध मे जिला कांग्रेस कार्यालय सीहोर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री गुजराती ने कहा कि सृजन संगठन अभियान के तहत चलने वाले देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान के बारे में विस्तार से बताया एवं इस हस्ताक्षर अभियान में सभी लोग सहभागिता करें और इस कार्यक्रम को सफल बनाए बैठक को कांग्रेस के वरिष्ठ जनों ने सम्बोधित करते हुए




अपना मार्गदर्शन दिया और सभी से उक्त कार्यक्रम में बढ़चढक़र हिस्सा लेकर हमारे वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी के हाथ मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश दयाल चौरसिया, नईम नवाब, ओम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, आशीष गेहलोत, सुदीप व्यास, ओम बाबा राठौर, अरूण राय, सुरेश बाबु राठौर, नरेन्द्र खंगराले, एस. कुमार राठौर, हर्षदीप राठौर, हरीश आर्य, आसिफ अंसारी, गुलजारी बाजपेई, कमल सूर्यवंशी, कपिल गौर, घनश्याम मीणा, मारुति राव, घनश्याम यादव, मनोज पटेल, हसीन कुरैशी, मजीद अंसारी, नायाब खान, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, मीरा रैकवार, संतोष मालवीय, साजिद खान, इरफान लाला, शुभम मालवीय, अभिषेक लोधी, राज कौशल, विवेक टांक, प्रवेश परिहार, धीरेन्द्र ठाकुर, बृजेश पाटीदार, गजराज परमार, विनीत गोयल, मनीष मेवाड़ा, राहुल ठाकुर, कमल सिंह, सुयश प्रताप सिंह तोमर, तनिष्क त्यागी, बृजेश पाटीदार, ओम सोनी, अरुण राय, सुरेश बाबू राठौड़, आसिफ अंसारी, सुदीप व्यास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



### अखिलेश राय ने दी अंकुश जैन को बधाई

**सीहोर।** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी अखिलेश राय ने शहर के युवा भजन गायक अंकुश जैन को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर फूल-माला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अंकुश की इस उपलब्धि को नगर का गौरव बताया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### अंकित धनगर बने धनगर समाज सीहोर के युवा जिला अध्यक्ष



**सीहोर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानसिंह बघेल के निर्देशानुसार, और प्रदेश अध्यक्ष केशर सिंह बागोरिया की सहमति एवं प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मोनू धनगर, रामकृष्ण बघेल एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता शिवम चौधरी, मनीष धनगर जिला अध्यक्ष, राजकुमार धनगर जिला प्रभारी, अनिल धनगर जिला संगठन मंत्री, गजराज सिंह धनगर की अनुशंसा से अंकित धनगर महोडिया को विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ धनगर युवा शाखा जिला सीहोर का युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की निगरानी में वितरित किया गया केंद्र से यूरिया खाद

# किसानों के साथ सुबह कतार में लगीं महिलाएं, दो घंटों में ही खत्म हो गया एक हजार बोरी यूरिया

### विपणन सहकारी समिति पर यूरिया आते ही किसान लेने दौड़ पड़े , 75 वर्षीय महिला भी पहुंची यूरिया खाद लेने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

यूरिया की किल्लत के बीच नगर की विपणन सहकारी समिति में सोमवार को दो ट्रक में 1हजार कट्टी यूरिया खाद आते ही बड़ी संख्या में किसान लेने दौड़ पड़े। तो वहीं 10किलो मीटर दूर से एक बुजुर्ग महिला सावित्री बाई उम्र 75वर्षीय भी विपणन सहकारी समिति में खाद लेने पहुंची। उन्होंने बताया कि गेहूं, चना की बुवाई करने की तैयारी कर ली समय पर यूरिया खाद उपलब्ध हो जाए। इस लिए वह पांच एकड़ जमीन के लिए यूरिया खाद लेने पहुंची है। वहीं किसानों का कहना है कि गाव की समितियों में खाद तो उपलब्ध है, मगर वितरण नहीं किया गया। इस लिए हमे गांव से भैरुंदा की विपणन सहकारी समिति में आना पड़ा। यह भी दो ट्रक 1हजार कट्टी यूरिया खाद आया है। किसानों को कतारों में लगाकर आधार कार्ड पर प्रति किसान 5-5 कट्टे वितरित किए। किसानों के उमड़ने से सहकारी विपणन समिति 1हज़ार कट्टे दो घण्टे में ही खत्म हो गए। कतारों में खड़े कई किसानों को कट्टे नहीं मिलने से निराश लौटना पड़ा।



**भैरुंदा।** बड़ी संख्या में किसान कतारों ने लगे हुए



**भैरुंदा।** पुलिस की टीम व्यवस्था बनाते हुए।

### गांव की समितियों में उपलब्ध है यूरिया, किसान पहुंचे विपणन सहकारी समिति भैरुंदा यूरिया लेने

सोमवार को यूरिया खाद के दो ट्रक आने की सूचना मिलते ही 15 किमी दूर तक के किसान और महिलाएं सुबह से ही विपणन सहकारी समिति पहुंची जहां यूरिया खाद वितरण किया जाना था। देखते ही देखते बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसकी सूचना एसडीएम सुधीर कुशवाहा को दी। मौके पर एसडीएम एवं तहसीलदार पहुंचे। जहां कृषि विभाग के अधिकारी,कर्मचारी भी नदारत थे। ऐसे में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी भी नही निभाई। जो काम कृषि विभाग को करना था। वह अब राजस्व विभाग को करना पड़ रहा है। तो वहीं पुलिस भी मौके पर नहीं पहुंची थी। जैसे ही एसडीएम एवं तहसीलदार पहुंचे। किसानों से चर्चा करते हुए किसानों से व्यवस्थाएं बनाए रखने सहयोग करे। हालांकि कि कुछ ही समय के बाद कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहीं एसडीएम सुधीर कुशवाहा एवं तहसीलदार सौरभ शर्मा की निगरानी में किसानों को टोकन वितरण कराई गई। वहीं 12 से 3 बजे तक यूरिया खाद का वितरण कराया गया।



**भैरुंदा।** बुजुर्ग महिला सावित्री बाई यूरिया खाद लेने पहुंची

किसानों की समस्याओं को देखते हुए सोमवार को किसानों की मौखिक शिकायतों पर यूरिया खाद वितरण को लेकर कई सहकारी समितियों के प्रबंधकों से फोन पर चर्चा कर जानकारी ली गई थी। जिस समिति में खाद वितरण नहीं किया जा रहा था। उन्हें निर्देशित कर खाद वितरण शुरू कराया गया है। दूर दूर से आए किसानों की मांगे थी कि गांव की समितियां में यूरिया खाद उपलब्ध है लेकिन वितरण नहीं किया जा रहा था। किसानों की बातों को देखते हुए समितियों में खाद वितरण शुरू कराया गया।

### एसडीएम, तहसीलदार की निगरानी में टोकन देकर, प्रति किसान पांच-पांच बोरी यूरिया खाद दी



नगर में सोमवार को विपणन सहकारी समिति में दो यूरिया के ट्रक आते ही आसपास के गांवों के किसानों को यूरिया आने की जानकारी मिली तो यूरिया लेने के लिए दौड़ पड़े। दोनो गाड़ी में करीबन 1हज़ार कट्टे आए थे। इइसकी जानकारी किसानों को मिलते ही समिति कार्यालय के बाहर किसानों का मेला लग गया। इस दौरान बड़ी संख्याओं में पहुंचे किसानों को कतार में लगवाया। उसके बाद आधार कार्ड पर प्रति किसान पांच ,पांच कट्टों का वितरण किया। वहीं एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ,तहसीलदार सौरभ शर्मा भी मौके पर पहुंचे। बड़ी संख्या में कतार में लगे किसानों से व्यवस्थाएं बनाने की बात कही तो वहीं उनकी मौजूदगी में टोकन वितरण कराए। इस दौरान तहसीलदार सौरभ शर्मा ने किसानों से चर्चा करते हुए पूछा गांव की सहकारी समिति मेंखाद उपलब्ध नहीं है सभी किसान तहसील में यूरिया खाद लेने पहुंचे। वहीं किसानों ने कहा यूरिया खाद से बेयर हाउस भरे पड़े हैं लेकिन यूरिया खाद वितरण नहीं कर रहे हैं। किसानों की बाते सुनकर आस पास की सहकारी समितियो के समिति प्रबंधन से फोन के। माध्यम से जानकारी ली गई। साथ ही तुरंत यूरिया खाद वितरण करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं किसानों के बीच कतार में खड़ी बुजुर्ग महिला के साथ अन्य महिलाओं के लिए अधिकारियों ने अलग व्यवस्था कराई ओर उन्हें टोकन देकर यूरिया खाद वितरण कराया गया।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने किया बाल्मीकि समाज के चल समारोह का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बाल्मीकि जयंती के अवसर पर बाल्मीकि समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह का भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी स्वागत, सत्कार किया। इस दौरान उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों को फूलमाला पहनाई एवं भगवान बाल्मीकि की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्री अरोरा ने सभी समाजजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। श्री अरोरा ने कहा कि सीहोर सामाजिक समरसता की हमेशा से मिसाल पेश करता आया है। सीहोर सिद्धपुर की नगरी है और यहां पर धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों का निरंतर होना हम सबके लिए गर्व की बात है। बाल्मीकि समाज हमेशा से जयंती के अवसर पर नगर में भव्य चल समारोह का आयोजन करता है। बाल्मीकि समाज हमेशा से परिवार का एक हिस्सा रहा है। इस अवसर पर श्री अरोरा मित्र मंडल के सदस्यों सहित उनके समर्थक भी मौजूद रहे। श्री अरोरा ने चल समारोह में भी शिरकत की।

## आकाश मालवीय ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया



**इछावर।** नगर के संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र आकाश मालवीय ने दिल्ली स्थित भारत स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित स्वस्थ भारत अभियान कार्यशाला कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यालय, नगर और जिले का नाम गौरवान्वित किया। राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से आए स्काउट्स एवं गाइड्स ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनजागरूकता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। छात्र आकाश मालवीय की सक्रिय उपस्थिति और उत्साहपूर्ण भागीदारी ने विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने आकाश मालवीय को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी और उन्हें राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी।

## महर्षि उत्तम स्वामी आश्रम में उत्साह से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

### उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद शुक्ल सहित कई मंत्री विधायक शामिल हुए




**रेहटी।** रेहटी के पास सलकनपुर में स्थित उत्तम सेवाधाम आश्रम में रविवार से तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन हुआ।आयोजन का यह लगातार 19वां वर्ष है।समर्पण सेवा समिति एवं अखिल भारतीय गुरू भक्त मंडल द्वाराआयोजित किया जा रहा है।समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष तपन भौमिक ने बताया कि 1008 महा मंडलेश्वर उत्तम स्वामीजी महाराज, संतश्री रामदास त्यागी, संपूर्णानंदजी महाराज के सानिध्य एवं अशोक पांडे संघचालक मध्यभारत प्रांत के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया।इसी कड़ी में आज कार्यकम का समापन दिवस पर स्वर्गीय प्रभाकर राव केलकर स्मृति में गौवंश आधारित जैविक कृषि पुरस्कार एवं स्व. भगवतशरण माथुर स्मृति में उत्कृष्ट नर्मदा सेवा पुरस्कार वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव थे जिन्होंने वीसी के माध्यम से शामिल हुए। कार्यकम में अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने की साथ ही मंत्री गौतम टेटवाल, करन सिंह वर्मा सहित कई विधायक संत एवं गुरु भक्त व नर्मदा परिक्रमा भक्त मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि स्वामी जी का जैविक खेती का पुरस्कार का बहुत ही अच्छा कार्य है एवं कई विषयों पर प्रकाश डाला साथ ही स्वामी महामंडलेश्वर ईश्वरानंद उत्तम स्वामी जी ने भी सभी लोगों को संबोधित किया स्वामी जी के उद्बोधन के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी वीसी द्वारा जुड़े एवमं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### शहर कांग्रेस ने महार्षि वाल्मीकि जयंती चल समारोह का किया स्वागत



**सीहोर।** इस वर्ष भी महार्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर भव्यता के साथ निकाले गये चल समारोह का स्थानीय कोतवाली चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार शहर अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। इस मौके पर निशांत वर्मा ने कहा कि भारत हमेशा से ही महान लोगों और विद्वानों का देश रहा है। हमारे देश की इस पवित्र धरती पर कई प्रमुख और महान लोगों ने जन्म लिया है, इसलिए भारत को विद्वानों का देश कहा जाता है। महर्षि वाल्मीकि हमारे देश के उन महानतम लोगों मे से एक थे। वह एक संत थे और वो एक साधारण जीवन और उच्च विचार रखने वाले व्यक्ति थे। इस अवसर प्रमुख रूप से प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, ओम बाबा राठौर, राकेश वर्मा, घनश्याम यादव, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, असरफ अली, अजय रैकवार, विवेक गोयल, गजराज परमार, तनिष्क त्यागी, आशीष, अभिषेक आदि प्रमुख रूप से उपसस्थित रहे।

### डॉ. भविष्य राठौर को राजभाषा पुरस्कार से किया सम्मानित



**सीहोर।** हिंदी पखवाड़ा के समापन के अवसर पर सीहोर जिले के संभागीय मेडिकल ऑफिसर रेलवे मंडल भोपाल में पदस्थ डॉ. भविष्य राठौर को राजभाषा पुरस्कार से मंडल रेल प्रबंधक भोपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके मित्र मंडली एवं परिवार के लोगों ने बधाइयां दी।

### संघ के स्वयंसेवक जाग्रत समाज के राष्ट्रभक्त शिल्पी हैं: राहुल राजपूत



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर सीहोर में बस्ती सह पथ संचलन के क्रम में चैन सिंह एवं तिलक बस्ती के पथ संचलन में स्वयं सेवकों के द्वारा बस्ती के प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता बाबू भाई मिस्त्री, प्रताप मेवाड़ा नगर कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर सीहोर, मुख्यवक्ता राहुल राजपूत नगर प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर सीहोर एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता राहुल राजपूत ने अपने वक्तव्य में कहा कि संघ के स्वयंसेवक हर परिस्थिति में तैयार रहता है किसी भी विपरीत परिस्थितियों में पीछे नहीं हटता हैं। हमारे पूर्वजों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया वह समय गया जब देश के लिए मरने की आवश्यकता थी आज के समय में देश के लिए जीने की आवश्यकता है हमें अपने देश के लिए जरूरी नहीं की सीमा पर जाकर ही हम देशभक्ति प्रकट करें हम जहां रहते हैं वहां रहकर भी हम देश के लिए कार्य करके अपनी देशभक्ति निभा सकते हैं। स्वयंसेवक की पहचान पैर में चक्कर, मुंह में शक्कर, सिर में ठंडक, दिल में आग होती है। साथ ही कहा कि सोना खरीदने के साथ साथ लोहा भी खरीदे। एक बार जो संकल्प ले लेते हैं उसको पूरा करते हैं। आज 100 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी संघ कार्य सतत चल रहा है। संघ भारत की एकता और अखंडता के लिए कार्य करता रहा है। शाखा ही संघ की शक्ति है। संघ की 100 वर्षो की यात्रा किस प्रकार पूर्ण हुई है संघ का कार्य किस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है। भारत से आज पूरा विश्व प्रेरणा ले रहा है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन की एक घटना से जीवन का अंतिम उद्देश्य प्राप्त करते महाकव्य रामायण के रचयिता बनें। पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, जैसे विषयो पर स्वयंसेवकों के बीच मे बात रखी।

**दुर्गानवमी के दिन कन्याभोज के साथ किया जाता है समापन**

# 9 साल से निःशुल्क भोजन पंडाल लगाकर भोजन प्रसादी करा रहा सोनी परिवार





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के सोनी परिवार द्वारा विगत 9 वर्षों से लगातार शारदीय नवरात्र में सलकनपुर धाम जाने वाले पदयात्रियों के के लिए निः शुल्क भोजन पंडाल लगाकर पदयात्रियों को भोजन प्रसादी कराई जा रही है।

विगत 9वर्ष तक ग्राम नंदगांव में भोजन पंडाल लगाकर पदयात्रियों भोजन प्रसादी कराई जा रही है। सलकनपुर मातारानी की कृपा से इस वर्ष नगर के इन्दौर मार्ग पर नवीन निर्माणाधीन भवन नक्षत्र पैलेस में इस वर्ष प्रतिदिन सुबह 8 बजें से 11 बजे तक पोहे, जलेबी, नाश्ता कराया गया तो वहीं दोपहर 1 बजे से रात्रि 11 बजे तक नियमित, रूप से अनेकों प्रकार की रसोई जैसे खीर ,पूरी, नुक्ति, रायता,कढ़ी, लापसी ,चावल ,पुलाव, बेसन गट्टे की सब्जी ,आलू मटर की सब्जी ,राम भाजी ,लौकी चने की सब्जी, मिर्ची का कूटा कढ़ी फलाहारी , साबूदाना खिचड़ी, इंदौरी फलाहारी मिक्चर ,ओर साबुदाना चिप्स का फलाहारी नमकीन सहित शुद्ध घी से बना आलू का हलवा मातारानी को प्रतिदिन भोग लगाकर, पदयात्रियों ससम्मान टेबल कुर्सी पर बैठाकर भोजन प्रसादी कराई , तो वहीं पदयात्रियों के रात्रि विश्राम की व्यवस्था के लिए हालों में गद्दे और ठंडी हवा के लिए कूलर, लगाकर विश्राम करने की समुचित व्यवस्था की।

वहीं नगर के हर सदस्य श्रद्धालु ने अपना श्रमदान कर पदयात्रियों की सेवा की कन्याओं को भोजन प्रसादी कराई। प्रतिदिन नए नए प्रकार के गिफ्ट,चाकलेट व अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान गिरधर सोनी ,रितेश सोनी प्रवीण (अप्पू) सोनी नक्षत्र पैलेस द्वारा की गई।

### आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर ब्रिजीशनगर में निकला पथ संचालन



**इछावर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण भारतवर्ष मे आरएसएस पथ संचलन कर शताब्दी वर्ष मना रहा है जिसके अंतर्गत आज बिजीश नगर में संघ के हजारों स्वयं सेवकों द्वारा विशाल पथ संचलन किया गया। बिजीश नगर उपखंडा के स्वयंसेवा अपने निर्धारित स्थान पर संघ गणवेश मे पहुंचकर यहा से कदम ताल करते हुये हनुमान मंदिर जहां पर संघ के अधिकारियों द्वारा भारत माता की पूजा अर्चना कर शस्त्र पूजन किया इसके बाद संघ के प्रांतिय अधिकारी ने स्वयं सेवाको संबोधन दिया। उन्होने संघ के शताब्दी बर्ष पर होने बाले आयोजन को लेकर प्रकाश डाला इसके बाद घोष के साथ पथ संचलन शुरु हुया पथ संचलन करते हुए मेन मार्केट शंकर मंदिर चौराहा राम मंदिर चौराहा बस स्टैंड चौराहा कुमार मोहल्ला पटेल चौक सूरज नगर दशहरा मैदान चौराहा पंचायत चौराहा होते हुए वापस हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंचे पूरे ग्राम मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक के पथ संचलन के दौरान ग्राम के नागरिकों व मात्र शक्तियों द्वारा विभिन्न स्थानो पर पथ संचालन का पूष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया वही अंत मे हनुमान मंदिर पहुचकर पर भारत माता की आरती के साथ पथ संचलन समाप्त किया गया।


### गजवा -ए - हिंद की दस्तक एवं धर्मांतरण जैसे अनैतिक कार्य हो रहे हैं संचालित

# कोटरीकलां के पूर्व सरपंच ने बडा अंजुमन समिति पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

पूर्व सरपंच कोटरीकलां ने बडा अंजुमन समिति पर जंगलों में मस्जिद बनाने से लेकर समाज के पैसों से अनैतिक गतिविधियां संचालित करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर, एसपी के साथ साथ देश के गृहमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक को की है। जिसमें उन्होंने बताया है कि नरसिंहगढ़ तहसील के कोटरीकलां गांव में बडा अंजुमन के नाम से कुछ लोग समाज से चंदा उगाकर उसका दुरूप्योग असामाजिक गतिविधियां संचालित करने में कर रहे हैं। 2015 से आज तक उगाए गए चंदे के आय-व्यय का ब्योरा समाज के सामने नहीं रखा, बल्कि उसका उपयोग हथियार खरीदने जैसे काम में किए जाने का आरोप लगाया है जिसकी जांच होना चाहिए। पूर्व सरपंच ने यह भी बोला कि प्रशासन समिति के आय के श्रोत और उनसे खर्चे का हिसाब मांगे तो चौकाने वाले तथ्य सामने आएंगे। पूर्व में भी गजवा -ए - हिंद संगठन की दस्तक कोटरीकलां में सुनाई दी थी परंतु प्रशासन के अलर्ट होने की बजह से वह अब सामने दिखाई नहीं देती। परंतु अनैतिक गतिविधियां संचालित होने का अंदेशा अभी भी है। हमने इस संगठन की शिकायत सभी अधिकारियों तक पहुंचा दी है परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## पूर्व सरपंच बोले पूर्व में गजवा-ए-हिंद में आ चुके इनके नाम


प्रति,
1. श्री मान कलेक्टर महोदय जिला राजगढ़ म.प्र.
2. पुलिस अधीक्षक महोदय राजगढ़ म.प्र.

विषय- अनावेदक गण द्वारा समाज के लोगों से अवैध रूप से जमा कराये गए चंदे की राशी और धार्मिक संपत्तियों से अर्जित राशियों का दुर्विनियोग करने के विषय में अपराधिक कार्यवाही किये जाने हेतु एवं हिसाब एवं आय व्यय विवरण की जांच कराये जाने

माननीय महोदय आवेदक की ओर से आवेदन सादर निम्नानुसार प्रस्तुत है –

1. यह कि अनावेदक गण क्र 1- इलयास @ ईसा पिता बुनाखी आयु 50 वर्ष, क्र 2- अमीन पटेल पिता मकसूदयार खां आयु 60 वर्ष, क्र 3- सुलेमान पिता ताजमोहम्मद आयु 60 वर्ष, क्र 4- युसुफ सरपंच पिता हमीद खां आयु 50 वर्ष क्र 5- फकीर मोहम्मद पिता सिकंदर खां आयु 62 वर्ष, क्र 6- सलीम पिता बादर खां आयु 55 वर्ष, क्र 7- अशफाक खां पिता महमूद खां आयु 45 वर्ष, क्र 8- वदूद खां पिता सिकंदर खां आयु 35 वर्ष, क्र 9- अमीरउल्ला पिता सिकंदर खां आयु 50 वर्ष, क्र 10- अशरफ पिता इलयास आयु 45 वर्ष, क्र 11- मोहम्मद सूफी पिता नसरुद्दीन उर्फ नस्सू आयु



कोटरीकलां के पूर्व सरपंच अमीरउल्ला ने बताया कि बडा अंजुमन का संचालन करने वाले लोग पहले भी गजवा ए हिंद जैसे संगठनों से जुड़े होने के संकेत मिले थे। जिनमें अमीन उल्ला, सुलेमान, इलयाश, सलीम खा, रउफ खा, युसुफ खा, इब्राहिम बोरखेड़ा प्रमुख थे। रउफ खां पर जिलाबदर की कार्रवाई हो चुकी है परंतु वह भी गांव में ही घूमता रहा।

### हिंदू-मुस्लिम झगड़े का डर दिखाकर उगाते हैं चंदा

अमीरउल्ला का कहना है कि- चंदे के पैसों से यह लोग हथियार खरीदते हैं। पूर्व में भी इन्होंने हिंदू-मुस्लिम झगड़े का खौफ दिखाकर 275 क्विंटल गेहूं इकट्ठे और उनको बेचकर पैसे हड़प कर लिए। इसी तरह ईदगाह एवं मस्जिद में सीसी रोड के नाम पर पैसा खा गए जबकि सड़क ग्राम पंचायत ने बनवाई थी।

**पूर्व जिला महामंत्री बोले** - करा रहे हैं धर्म परिवर्तन

वहीं कैलाश राज पूर्व जिला महामंत्री भाजपा ने बताया कि कोटरी मिनी पाकिस्तान बनता जा रहा है वहां पर इन सभी लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा है बल्कि कुछ हिंदू परिवारों से धर्म परिवर्तन भी करवाए हैं। मुस्लिम समुदाय से बहुत से ग्रामीण इस तरह की अवैध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत लेकर मेरे पास आए हैं। जल्दी ही सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

### इनका कहना है...

हमने पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया है और इसकी जांच की जांच की जा रही है। जल्दी ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संगीता शर्मा, टीआई कुरावर

## राज्य स्तरीय हैंडबॉल में छात्रा का चयन



**ब्यावरा।** मानस स्कूल की छात्रा का मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय हैंडबॉल के लिए हुआ चयन 3 से 7 अक्टूबर शुजालपुर में आयोजित म.प्र. राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल 17वर्ष बालिका में मानस हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 9वी की छात्रा निहारिका भल्ला पिता राजेश भल्ला का चयन हुआ है। छात्रा का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सीहोर में राजगढ़ जिले की ओर से कप्तान की भूमिका निभाते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन के दौरान विदिशा के खिलाफ मैच में 4 गोल करके निहारिका ने राज्य स्तरीय टीम में अपनी जगह बनाई है छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आरएस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चौहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की।

### कनिष्ठ अब विएना में अपनी सेवाएं दे रहे

## राजगढ़ के कनिष्क ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ के एक युवा कनिष्क राज राठौर ने संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) में प्रोग्राम ऑफिसर (पी-3) रीजनल ब्यूरो फॉर एशिया एंड पैसेफिक, डायरेक्टोरेट ऑफ ग्लोबल पार्टनशिप एण्ड एक्सटर्नल रिलेशनशिप मुख्यालय विएना, आसट्रिया में महत्वपूर्ण पद पर चयनित होकर जिले का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

कनिष्ठ अब विएना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रतिष्ठित पद के लिए कई जटिल चयन प्रक्रियाओं, एवं साक्षात्कार उपरान्त दुनियाभर के कईं उम्मीदवारों में से उन्हें चुना गया है। कनिष्क का जन्म राजगढ़ के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता जयराज सिंह राठौर सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं, जबकि माता सीमा सिंह राजगढ़ कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजेश्वर कान्वेंट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय, राजगढ़ से प्राप्त करने के उपरान्त आगे की पढ़ाई बिरला स्कूल, पिलानी से की थी। अपनी इस सफलता पर कनिष्क का कहना है कि वे यह केवल मेरी नहीं बल्कि मेरे परिवार, शिक्षकों एवं जिले की सामुहिक सफलता है।



मेरा प्रयास रहेगा कि यूएनआईडीओ में काम करते हुए विकासशील देशों के उद्योग पर्यावरण के अनुकूल और समावेशी बनाए जा सकें।

### क्या है यूएनआईडीओ

यूएनआईडीओ विश्व स्तर पर औद्योगिक विकास और सतत औद्योगीकरण को बढ़ावा देने वाला प्रमुख संगठन है। यह विशेष रूप से विकासशील देशों में हरित तकनीक, नवाचार और रोजगार सृजन के क्षेत्र में काम करता है। कनिष्क को जिन परियोजनाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यूएनआईडीओ की पहलों के लिए वैश्विक फोरम आयोजित करने, साझेदारी और सदस्य राज्यों के साथ सहभागिता बढ़ाने से जुड़ी होंगी।

# छात्र-छात्राओं को बताए बाल-विवाह और बाल-सगाई के दुष्परिणाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के लिए नासूर बनी नातरा एवं झगड़ा कुप्रथा का मुख्य कारण है बाल-विवाह एवं बाल-सगाई है। इसी के दृष्टिगत प्रशासन सहित अन्य संस्थाओं द्वारा इन कुरीतियों को समाप्त करने समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में अहिंसा वेल फेयर सोसायटी की टीम ने उपस्थित विद्यार्थियों से बाल-विवाह एवं बाल-सगाई पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बच्चों को बाल विवाह और बाल सगाई के दुष्परिणाम बताए गए। उन्हें समझाया गया कि बचपन में सगाई या विवाह करने से आगे चलकर झगड़े जैसी कुप्रथाओं को बढ़ावा मिलता है, इसलिए हमें इसे जड़ से समाप्त करने के लिए अभी से प्रयास करना आवश्यक है। बच्चों को बताया गया कि यह उम्र शिक्षा प्राप्त करने की है, विवाह करने की नहीं।

### विद्यार्थियों से बालश्रम पर भी की चर्चा

इस दौरान बालश्रम पर विद्यार्थियों से चर्चा की गई। बच्चों को बताया गया कि शिक्षा प्राप्त करना हमारा अधिकार है और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा दिलाना हमारा कर्तव्य है। उन्हें बाल बंधुआ मजदूरी का अर्थ उदाहरण सहित समझाया गया और बताया गया कि यदि उन्हें कहीं कोई कम उम्र का बच्चा श्रम या बंधुआ मजदूरी करते दिखाई दे तो तुरंत विद्यालय के शिक्षक या हमें इसकी सूचना दें, ताकि उस बच्चे को उसका अधिकार मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को बाल विवाह न करने एवं न करने देने की शपथ दिलाई गई।

## जिले के 4 दिवसीय दौरे पर आया आईआईएम इंदौर का दल

**राजगढ़।** भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के 24 सदस्यों का एक दल राजगढ जिले के 4 दिवसीय विशेष दौरे पर आया है। यह विशेष दल ग्रामीण इंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में पहुंचेगा। जिला पंचायत सीईटो इच्छित गढ़पाले से भी दल के सदस्यों ने भेंट की।

यह दल राजगढ़ जिले के विकासखण्ड ब्यावरा के ग्राम आमल्याहाट, सारंगपुर के ग्राम भेंसवामाता, राजगढ के ग्राम कुण्डीबेह एवं खिलचीपुर के ग्राम जेतपुराकलां में रहकर स्व-सहायता समूहों एवं उनके संगठनों के आर्थिक विकास एवं उनके उत्पादों की मार्केटिंग के लिए कार्य करेंगे। इस हेतु जिला स्तर पर जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन से संदीप सोनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा

# विशेष महानिदेशक ने किया राजगढ़ जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विशेष महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं भोपाल श्री जी. अखेतो सेमा द्वारा रविवार को जिला जेल राजगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जेल के अस्पताल, पाठशाला एवं जेल में निरुद्ध बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता आदि चेक करने पाकशाला (किचन) का भी निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान स्पेशल डीजी श्री सेमा ने खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट तक चेक की। इसके साथ ही जेल में बंदियों को खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं निजी स्त्रोत से प्रदाय किये जाने हेतु संचालित जेल केन्टीन का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने जेल के समस्त बैरकों एवं महिला वार्ड भी चेक किया। इस निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या उन्हें नहीं बताई गई। इस पर श्री सेमा द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।



### जिले के आलाधिकारी भी रहे मौजूद

विशेष महानिदेशक द्वारा जेल के इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे मौजूद रहे। जेल अधीक्षक आलोक बाजपेयी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को विस्तृत रूप से जेल का निरीक्षण करवाया गया।

# किसानों को फसल बीमा राशि नहीं मिलने पर आप ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

**नरसिंहगढ़।** किसानों को फसल बीमा योजना की बकाया राशि नहीं मिलने से नाराज आम आदमी पार्टी ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश संयुक्त सचिव प्रवीण सक्सेना की मौजूदगी रही।

पार्टी ने ज्ञापन में मांग की कि जिले के किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत बकाया राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने कहा कि "सरकार किसानों के आंसू पोंछे और उनका हक तुरंत दिलाए। यदि किसानों की समस्याओं पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। जिला युवा विंग अध्यक्ष विशाल सोनी ने बताया कि जिले के अधिकांश किसानों को अभी तक फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिनों के भीतर किसानों को राहत नहीं दी गई, तो आगामी 13 अक्टूबर से पार्टी कार्यकर्ता नीम तिराहे पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। ज्ञापन सौपते दौरानदौलतराम विजयपुरिया ,रामनारायण मंडलोई , पवन कुशवाहा, ऋषि शर्मा, विक्रम सिंह गुर्जर, जगन्नाथ एवं दिलीप कुशवाह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## असमय बारिश से किसानों की फसल हुई खराब, उचित मुहावजे की मांग

**माचलपुर।** असमय हुई बारिश से क्षेत्र के किसानों की सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई। बावजूद इसके प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को मुआवजा से वंचित रखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है । अजीब विडंबना है प्रदेश सरकार अपने आपको किसानों की हितैषी सरकार होने का दावा करती है, बावजूद इसके सरकार को किसानों की बर्बादी नहीं दिखाई दी प्रदेश के अन्य जिलों में मुआवजा वितरित कर दिया और राजगढ़ जिले को मुआवजे से वंचित रखा। जिले में पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक हैं जिनमें दो मंत्री भी है वही सांसद भी भाजपा का बावजूद इसके किसानों के आंसू दिखाई नहीं देना किसानों के प्रति सरकार की वा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी है।



इस बार किसानो के खेतों में सोयाबीन प्रति बीघा बहुत कम बैठक हुई उसमें भी प्रकृति के प्रकोप से असमय की बारिश ने बर्बाद कर किसानों आंसू बहाने पर मजबूर कर दिया जिससे आने वाले सभी त्यौहार फीके हो गये, इसमें में भी सरकार का असंवेदन शील रवैया किसानों जख्मों पर नामक छिड़कने के सामने है। क्षेत्र के किसान नेता फूलसिंह गुर्जर वा अन्यकिसानों के साथ सरकार के रवैया को विरोध करते हुए शीघ्र मुआवजा नहीं दिया तो आंदोलन करने की बात कर रहे हैं।

## ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय अधिवेशन में सुरेश चौहान का सम्मान



**सारंगपुर।** ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट नई दिल्ली का छठवां राष्ट्रीय अधिवेशन ब्रज नगरी मथुरा-वृंदावन (उ.प्र.) में 5 एवं 6 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश चैहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के पश्चिम क्षेत्र के पाँच जिले शाजापुर, राजगढ़, आगर, मंदसौर एवं नीमच के समाजबंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। पहले दिन वृंदावन के बैरागी आश्रम, परिक्रमा मार्ग में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी एम.एस. ठाकुर (संस्थापक), राजेंद्र प्रसाद सेन 'रज्जू भैया' (राष्ट्रीय संरक्षक), गिरधारीलाल सेनराष्ट्रीय अध्यक्ष), सुरेश चैहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ओ.पी. सेन राष्ट्रीय प्रवक्ता, मनमोहन सिंह (राष्ट्रीय महासचिव), शोभा छानीवाल (महिला अध्यक्ष), गीता बजाज (महिला महासचिव, पंजाब), तथा रघुवीर शरण श्रीवास राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूथ विंग सहित देशभर के लगभग 20 राज्यों के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया। दूसरे दिन आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में समाज के उत्थान हेतु "सेन विकास सहायता निधि" के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस योजना का उद्देश्य देशभर से एक लाख सदस्यों को जोड़कर समाज के जरूरतमंदों को शिक्षा, व्यवसाय एवं आवास के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। इस योजना में प्रत्येक सदस्य 1 प्रतिदिन यानी 30 मासिक एवं 360 वार्षिक राशि स्वेच्छा से देगा, जिससे लगभग 30 लाख की निधि एकत्रित होगी। अधिवेशन में उपस्थित लगभग 200 सदस्यों ने तत्काल सदस्यता ग्रहण करते हुए राशि जमा कर समाजसेवा की भावना प्रदर्शित की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण गिरधारीलाल सेन ने दिया। संचालन एडवोकेट मनमोहन सिंह सेन राष्ट्रीय महासचिव ने किया।

### जिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से भेंट कर मांगी फसलों की सर्वे रिपोर्ट

# प्रदेश सरकार राजगढ़ जिले के किसानों के साथ अन्याय कर रहीः प्रियवृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इस साल जिले में हुई अतिवृष्टि एवं खरीफ फसलों में पीला मोजेक लगने के चलते सभी तहसीलों के किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है। कहीं-कहीं तो नुकसान इतना अधिक हुआ है कि किसानों की पूरी फसल ही तबाह हो चुकी है। इसके बाद भी विगत दिनों मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 17 जिलों के किसानों को मुआवजा राशि वितरित की गई लेकिन उसमें राजगढ़ जिला शामिल नहीं था। ऐसे में जिले के किसी भी किसान को अब तक अपनी बर्बाद फसलों का मुआवजा नहीं मिल पाया है। इसमें काफी हद तक प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई है क्योंकि जिले में फसलों को हुए नुकसान से संबंधित जो रिपोर्ट शासन को भेजी जानी थी, वह अब तक नहीं भेजी गई है। यही कारण है कि राजगढ़ जिला मुआवजे से वंचित रह गया। ऐसे में क्षेत्र के हजारों किसानों की परेशानी और मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए जिले में फसलों के सर्वे की रिपोर्ट एवं उपलब्ध करवाने की मांग रखी ताकि मालूम हो सके कि किन कारणों से राजगढ़ जिला मुआवजे से वंचित रहा है। इस संबंध में इंकाजनों ने उक्त संबंध में एक पत्र भी कलेक्टर को सौंपा है।

## किसानों को शीघ्र मुआवजा न मिलने पर बड़ा आंदोलन करेगी कांग्रेस



### इंकाजनों पर दर्ज एफआईआर के संबंध में एसपी से मिले

विगत दिनों कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित पर माचलपुर थाने एवं कुरावर थाने में एक अन्य पर एफआईआर दर्ज हुई थी। इसको लेकर भी कांग्रेसजनों ने पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से भेंट करते हुए उक्त दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग रखी। कांग्रेसजनों का कहना था कि पुरोहित पर बगैर जांच के एफआईआर दर्ज कर दी गई जबकि वे घटना के समय मौके पर ही मौजूद नहीं थे।

### 2504 में से 2177 की हुई क्रॉप कटिंग

जिले के किसानों के मुआवजे से वंचित रहने का प्रमुख कारण प्रशासनिक लचरता भी कही जा सकती है। दरअसल जिले की विभिन्न 9 तहसीलों में कुल 2504 क्रॉप कटिंग की जाना है जिसमें से अभी तक 2177 क्रॉप कटिंग हो पाई है। कृषि विभाग और राजस्व महकमे द्वारा त्वरिता से कार्य न किए जाने के कारण जिले की सर्वे रिपोर्ट शासन तक नहीं पहुंच पाई और यही कारण है कि एक अदद किसान को धेला भी नहीं मिल पाया है।

### ...तो बड़ा आंदोलन करेगी कांग्रेस

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेसवार्ता का आयोजन भी किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए वे प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि आखिर राजगढ़ जिले के किसानों को मुबावजे से क्यों वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन मान ही नहीं रहा है कि पीला मोजेक लगने से किसानों की फसलें खराब हुई हैं। किसी भी किसान का सोयाबीन का उत्पादन एक बीघे में 50 किलो या एक क्विंटल से ज्यादा नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि अगर जिले के किसान मुआवजे से वंचित रहे तो कांग्रेस का बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## खांसी के सिरप के संबंध में खाद्य व औषधि विभाग ने जारी किए निर्देश

**देवास।** उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास की ओर से समस्त औषधि विक्रेताओं को एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को सतर्कता के निर्देश जारी कर कहा गया है कि जिले के सभी औषधि विक्रेता यह सुनिश्चित करें कि वे केवल पंजीकृत चिकित्सक द्वारा निर्धारित की गई औषधि और सिरप ही नागरिकों को प्रदान करें। बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी प्रकार की औषधि या सिरप की बिक्री नहीं की जाए। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने अपील की है कि नागरिक भी सावधानी बरतें और किसी भी दवा या सिरप का उपयोग डॉक्टर की सलाह के बिना न करें। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा क्लोरफेनिमाइन मेलिएट आईपी एवं फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड के समस्त उत्पाद के सभी निर्माताओं को दवा के लेवल और पैकेज इंसर्ट/प्रमोशन लिटरेचर पर चेतावनी एफडीसी का उपयोग 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नहीं हो का उल्लेख करना अनिवार्य है। निर्देशित किया जाता है कि उल्लेखित औषधियों के एफडीसी का विक्रय रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के पर्चे के बिना ना किया जाए। उल्लेखित औषधियों के एफडीसी का विक्रय 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए न किया जाए।


### नपा अधिकारियों का नया कारनामा, फर्जी नामांतरण करने की खुली पोल

# अधिकारियों ने प्लॉट की साइज से अधिक वर्गफिट जमीन का कर दिया नामांतरण!

नगर पालिका में बैठे पढ़े लिखे अधिकारियों की बड़ी लापरवाही। जिम्मेदारों के द्वारा फर्जी नामांतरण करने के कई मामले आ रहे सामने।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले की आष्टा नगर पालिका इन दिनों अधिकारियों, कर्मचारीयो के कर्मकांडों से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है कभी सीएमओ विनोद प्रजापति के अड़ियल,मनमानी रुख के चलते तो कभी गंभीर भ्रष्टाचार के मामलों के चलते आए दिन बदनामी की सुर्खियों में चल रही है जिससे वर्षो बाद बनी भाजपा की श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की नगर पालिका की जमकर किरकरी हो रही है वही स्थानीय भाजपा को भी नगर पालिका के कर्मकांडो के चलते बेशर्मी की फजीहत झेलनी पड़ रही है वही ताजा मामला फर्जी तरीके से किए गए नामांतरण का है जहां नगर पालिका में बैठे पढ़े लिखे अधिकारियों की बड़ी लापरवाही कहे या नामांतरण में भी भ्रष्टाचार की बड़ी पोल उजागर हुई है ऐसे में देखना लाजमी होगा कि अब स्थानीय प्रशासन के अफसर नगर पालिका के इन जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों पर क्या एक्शन लेते हैं या वहीं ढाक के पात वाली कहावत चरितार्थ होती है।



20 Rs.
बीस रुपये
भारत INDIA
TWENTY RUPEES
20RS
MADHYA PRADESH इकरारनामा
00AA 204125
NOTARIAL

मै नारायणदास आ० श्री जेठानन्द जी आयु 60 वर्ष, जाति सिंधी निवासी पुराना टाकिज रोड आष्टा, जिला सीहोर म०प्र० का होकर श्री नफीस खाँ आ० ... जाति मुसल्मान निवासी किला आष्टा जिला सीहोर म०प्र० के पक्ष मे निम्नानुसार इकरारनामा निष्पादित करता हूं कि :-

1. यहकि मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान जिसकी लम्बाई 40 फिट चौड़ाई 21 फिट मे निर्मित कच्चा ... खड़ी हुई पुराना टाकिज रोड आष्टा मे स्थित है।

2. यहकि उक्त मकान की चतुर सीमाऐ निम्नानुसार है।
पूर्व मे:- गली
पश्चिम मे:- किले की दिवार
उत्तर मे :- सरकारी जमीन
दक्षिण मे:- उन्दल सिंधी का मकान स्थित है।

3. यहकि उक्त मकान को मैने आज दिनांक 18/06/05 को गवाहो के समक्ष रूपये 80,000/- (अस्सी हजार) रूपये मे विक्रय कर दिया है। जिसके बयाना पेटे 50,000/-रूपये नगद गवाहो के समक्ष प्राप्त कर लि है। शेष राशि 30,000/-रूपये दिनांक 15/7/2005 को अदा कर ...


कार्यालय नगर पालिका परिषद् ,आष्टा
क्रमांक 220
दिनांक
प्रमाण - पत्र
प्रमाणित किया जाता है कि न. पा. आष्टा के सम्पत्ति कर रजिस्टर के
वार्ड क्र. ......05...... में मकान नं. ......58......
मोहल्ला ....................
पर श्री ....................
आत्मज ....................
का नाम दर्ज है।
साईज. ...18 X 50 = 900...
प्रमाणिकरण कार्यालय से आज दिनांक को जारी किया गया।
नोट- यह प्रमाण पत्र में जो सम्पत्ती दर्शाइ गई है,वह निकाय में टेक्स के उद्देश्य से दर्ज है। सम्पत्ती का स्वामित्व निकाय द्वारा प्रमाणित नही किया जाता।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आष्टा

### फर्जी तरीके से प्लॉट के साइज से ज्यादा वर्गफिट का कर दिया नामांतरण

नगर पालिका में बैठे अधिकारी, कर्मचारियों पर पैसे लेकर फर्जी नामांतरण करने के कई बार मामले सामने आ गए हैं ताजा मामला भी कुछ ऐसा ही सामने तब आया जब शिकायत कर्ता की शिकायत पर नगर पालिका और राजस्व विभाग का अमला वार्ड क्रमांक 5 के कसाईपुरा निवासी नफीस खा के मकान का सीमांकन करने पहुंचा था। ऐसे में नगर पालिका अधिकारियों की पोल उजागर तब हुई जब दस्तावेजों में बड़ी हेरफेर नजर आई। दरअसल नफीसखा के नाम दो मकान है और दोनों मकान के वर्ग फुट के साइज और नामांतरण में दर्ज वर्ग फुट के साइज में बड़ी गड़बड़ी नजर आई। जानकारी अनुसार नफीस खा के पहले मकान का साइज 15× 40 कुल 600 वर्ग फुट है वही दूसरे मकान का साइज 40× 21 कुल 840 वर्ग फुट है। लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदारों ने दोनों नामांतरण में हेराफेरी करते हुए 900-900 वर्ग फुट के नामांतरण कर डाले हैं जिससे नपा में बैठे जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली सीधे सीधे उजागर होती है लिहाजा अब पूरे प्रकरण की रिपोर्ट राजस्व विभाग की टीम बना रही है जिससे अतिक्रमणकर्ता और नगर पालिका की कलई खुलने वाली है ।

**मामले की जांच कराएंगे**

अतिक्रमण का मामला सामने आया है नगरपालिका और राजस्व की टीम प्रतिवेदन तैयार कर अतिक्रमण हटाएगी । वही फर्जी नामांतरण मामले पर जांच कराई जाएगी दोषी पाए जाने पर जो नियम अनुसार कार्यवाही होगी वो बिल्कुल की जाएगी।

**नितिन टाले,** एसडीएम आष्टा

## आष्टा की फुटबॉल प्रतियोगिता संघ से रजिस्टर्ड नहीं, पंजीकृत खिलाड़ी खेले तो होगी कार्रवाई

### जिला फुटबॉल संघ ने किया प्रेस नोट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिला फुटबॉल संघ के मनोज कनोजिया ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया की आष्टा के सुभाष मैदान पर आयोजित की जा रही ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता अखिल भारतीय फुटबॉल संघ एवं मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबाल संघ सीहोर से पंजीकृत नहीं है। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ में पंजीकृत कोई भी खिलाड़ी खेलते पाए गए तो ऐसे खिलाड़ियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी एवं अर्थ दंड भी अधिरोपित किया जाएगा।वही इस मामले में आष्टा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजक दानिश ने बताया की हमारी प्रतियोगिता ओपन प्रतियोगिता है यह किसी संघ द्वारा नहीं कराई जा रही है यह आष्टा ग्रीन संस्था के द्वारा आयोजित की जा रही है यह एक ओपन प्रतियोगिता है इसमें कोई सा भी खिलाड़ी कोई सी भी टीम से खेल सकता है और जितने वाली टीम को 31000 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। आयोजक दानिश ने रजिस्टर्ड खिलाड़ियों के इस प्रतियोगिता में खेलने पर फुटबॉल संघ की कार्यवाही पर कहा कि यह खिलाड़ी का विषय है इस के लिए खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार रहेंगे हमारा आयोजन और संस्था पंजीकृत नहीं है।

## युवक ने फांसी लगाई, हुई मौत

**देवास।** परमानंद कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने उसे फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान परमानंद कॉलोनी निवासी अमन पिता आरिफ पठान के रूप में हुई है। पड़ोसियों के अनुसार, अमन विवाहित था और पीओपी का काम करता था। जिस समय यह घटना हुई, उस दौरान घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। युवक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, यह अभी अज्ञात है।

## कुशवाह समाज ने लव-कुश जयंती पर चल समारोह निकाला, लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगवान श्रीराम के सुपुत्र लव और कुश के जन्म की खुशी में भारत वर्ष में लव-कुश जयंती मनाई जाती है। नगर में भी कुशवाह समाज के युवा संगठन के तत्वावधान में भव्य चुनरी यात्रा, कलश यात्रा एवं लव-कुश जन्मोत्सव का चल समारोह लव-कुश धर्मशाला से प्रारंभ किया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ बागवाली माता मंदिर पर पहुंचा जहां चल समारोह का समापन हुआ। भगवान लवकुश जयंती पर निकाले जाने वाला चल समारोह नगर के प्रमुखमार्गो से होता हुआ गल चौराहा पहुंचा जहां नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में चल समारोह में शामिल सभी समाज के वरिष्ठजनों का आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया। चल समारोह में शामिल लव-कुश की वेशभूषा धारण किए समाज के बालकों का आत्मीय वंदन कर समाज के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह, किशोरीलाल कुशवाह, नारायणसिंह कुशवाह, भगतसिंह कुशवाह, राजकुमार कुशवाह, राधेश्याम कुशवाह, जगदीश पटेल, दलकिशोर कुशवाह, रवि कुशवाह, चल समारोह अध्यक्ष महेन्द्र कुशवाह, नरेन्द्र कुशवाह, राम कुशवाह, राकेश कुशवाह, जगदीश कुशवाह, मनोज कुशवाह, निखिल कुशवाह आदि का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।



इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी समाजजनों को लव-कुश जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के तपस्वी, तेजस्वी पुत्रगण आराध्य लव-कुश की भांति समाज का हर युवा हो, उनकी प्रेरणा व सद्कर्मो को अंगीकार करते हुए समाज का नाम रोशन करें यही ईश्वर से प्रार्थना है। भंडारे में की प्रसाद ग्रहण - शरद पूर्णिमा के अवसर पर अहिरपुरा स्थित माता मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सभी जनप्रतिनिगणों ने सहभागिता कर प्रसादी श्रद्धालुओं को परोसी एवं ग्रहण भी की।

इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षद तारा कटारिया, सुभाष नामदेव, तेजपाल मुकाती, सुमित मेहता, नंदकिशोर राठौर, बंटी बायसवाल, चेतन छाजेड़, रूपाली चौरसिया आदि मौजूद थे।

### हवन पूजन कर कराया कन्या भोज का कार्यक्रम




**खाचरोद।** ग्राम बडघाटी मैं स्थित मां दुर्गे के मंदिर पर हवन पूजन के साथ कन्या भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। नौ दिनों तक मां अंबे के दरबार में ग्राम वासियों द्वारा पूजा अर्चना कर मां दुर्गे की आराधना की। वही छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा मां अंबे के दरबार में गरबा नृत्य किया। ग्राम में स्थित मालीपुरा पर पर देव महाराज के मड मैं भी भक्तों की भीड़ लगी रही। ग्राम में स्थित छोटी माता, बड़ी माता के मड मैं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने पहुंच कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर प्रसादी चढ़ाई। ग्राम वासियो द्वारा पूरे विधि विधान से मां दुर्गे की पूजा अर्चना कर मंगलवार को कन्या भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया। जिसमें सभी ग्राम वासियों ने तन मन धन से सहयोग किया। क्षेत्र में खुशहाली की कामना की इस पुनीत कार्य मैं सहयोग के लिए सरपंच अकेसिग ठाकुरद्वारा सभी ग्राम वासियों का आभार प्रकट किया।

## कोठरी नगर के प्रमुख मार्गों से निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

राष्ट्रीय स्वयंम सेवक संघ शताब्दी वर्ष पथ संचलन कोठरी नगर के मुख्य मार्गो से निकला। अनुशासन और समय पर निकले पथ संचलन की नगर में हुई बढ़ाई सोमवार को बड़ा बाजार कोठरी में मुख्य वक्ता जिला प्रचारक सुधांशु ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारे देश में अनगिनत महापुरुषों हुए उन्होंने इस भारत भूमि को मातृ भूमि मान कर पर वैभव पर ले जाने का काम किया। राष्ट्रीय स्वयंम सेवक संघ आज पूरे 100 वर्ष का हो गया। अनेकों स्वयं सेवकों ने इस में सहभागिता कर अपने प्राणों की आहुति अर्पण की जब जाकर हम विश्व के सबसे बड़े संगठन के रूप में जाने जाते हैं और धर्म और राष्ट्र साधना ही हमारा पहला लक्ष्य है और आगे भी रहेगा। मेरा संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित है। यह विचार हर स्वयं सेवक के मन में रहता है। देश में किसी भी प्रकार की आपदा विपत्ति आती है तो संघ का स्वयं सेवकों ने सहभागिता की। नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुष्प वर्षा से स्वागत हुआराष्ट्रीय स्वयंम सेवक संघ के अनेकों अनुवांशिक संगठन समाज में काम कर रहे हैं चाहे विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल हो या विद्या भारती, स्वदेशी जागरण जैसे अनेकों स्वयं सेवक भारत माता की जय के घोष के साथ दिन रात नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि का गुण गान करते रहते है।




## अजमीढ़ जयंती पर नगर में निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अजमीढ़ महाराज किसी एक जाति या धर्म के गुरु नहीं, बल्कि समाजवाद के सच्चे धोतक थे। उन्होंने समाज में एकरूपता लाने का काम किया। वहीं उन्होंने स्वर्ण आभूषणों को बनाने का कार्य किया और आने वाली पीढियों को यह हुनर विरासत में दिया है। इस आशय के विचार स्वर्णकार समाज द्वारा आराध्य अजमीढ़ जयंती के अवसर पर निकाले गए चल समारोह के स्वागत सम्मान के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने व्यक्त किए। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वर्णकार गौरव आदिपुरूष महाराजाधिराज श्री अजमीढ़ जी महाराज के प्राकट्य दिवस के अवसर पर समाज गोपाल सोनी, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा ब्रजमोहन पटेल, धर्मशाला अध्यक्ष दिनेश सोनी, युवा संगठन अध्यक्ष विजय कालू सोनी, भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी सहित समाज के वरिष्ठजनों के नेतृत्व में मानस भवन से विशाल चल समारोह निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ गल चौराहा पर पहुंचा जहां नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में आराध्य देव अजमीढ़ जी की पूजा-अर्चना की गई, वहीं स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों सहित समाज के वरिष्ठजनों का भगवा दुपट्टा डालकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षद तारा कटारिया, सुभाष नामदेव, तेजपाल मुकाती, सुमित मेहता, नंदकिशोर राठौर, बंटी बायसवाल, चेतन छाजेड़, रूपाली चौरसिया आदि मौजूद थे।



### भावांतर योजना में अभी तक जिले के 5434 किसानों ने कराया पंजीयन

# कोई भी किसान भावांतर योजना से वंचित न रहे: प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सरकार द्वारा खरीफ 2025 में सोयाबीन उत्पादक कृषकों के लिए भावांतर योजना लागू की गई है। भावांतर योजना के संबंध में पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर उक्त वर्चुअल बैठक में आष्टा से वर्चुअल जुड़े ओर महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि भावांतर योजना एक किसान हितैषी योजना है, इसका लाभ जिले के हर सोयाबीन उत्पादक किसान को मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भावांतर योजना के संबंध में व्यापक जागरूकता फैलाएं। योजना के सभी बिंदुओं की स्पष्ट जानकारी सोयाबीन उत्पादक किसानों तक पहुंचाई जाए। जिले के प्रत्येक सोयाबीन उत्पादक किसानों तक योजना के लाभ की जानकारी पहुंचाते हुए, योजना के तहत पंजीयन कराया जाये। विक्रय के दौरान हर मंडी में मॉडल रेट और समर्थन मूल्य का डिसप्ले किया जाए, जिससे किसानों को इनकी जानकारी रहे और व्यापारी व बिचौलिए फायदा न उठा पाएं। जिले के किसानों को भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल के पंजीयन एवं विक्रय में कोई कठिनाई न हो, प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे। उन्होंने कहा कि विकासखंड स्तर पर भी कृषकों और व्यापारियों के साथ बैठकें की जाएं। एसडीएम एवं नोडल अधिकारी विक्रय के दौरान प्रतिदिन मंडियों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने किसानों की मदद के लिए सभी मंडियों में हेल्प डेस्क बनाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने भावान्तर योजना के बेहतर संचालन के लिये सुझाव भी दिये। कलेक्टर बालागुरू के. ने प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर को जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों के पंजीयन और भावांतर योजना के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 03 अक्टूबर से पंजीयन का कार्य प्रारंभ हो गया है और पंजीयन कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। अभी तक जिले के 5434 सोयाबीन किसानों ने पंजीयन करा लिया है। जिले में आठ कृषि उपज मंडिया हैं। सभी में पंजीयन की कार्यवाही चल रही है। सोयाबीन की बिक्री 07 मंडियों में की जायेगी। कलेक्टर बालागुरू के ने बताया कि सभी मंडियों में किसानों की सुविधा के लिये हेल्प डेस्क बनाये गये हैं। वीसी में अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह सहित सभी एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुये।



## खजुरिया में रामलीला के कलाकारों ने किया मंचन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

समीपस्थ ग्राम खजुरिया में न्यू संतोष रामलीला मंडल प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष से भी श्री रामलीला का मंचन गांव के न्यू संतोष रामलीला मंडल के सदस्य द्वारा किया जाता है। गांव के मनोज पांचाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी 15 दिन पहले रिहर्सल की जाती है विजयदशमी के बाद से रामलीला का आयोजन होता है वही ग्राम में माता रानी का गरबा लाया जाता है वह ग्रामीण जनों द्वारा माताजी की सांय कालीन पांच आरती उतारी जाती है।